यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा महात्मा गांधी जयंती पर वंचितों को सशक्त बनाने की विशेष पहल की गई

मुंबई, 2 अक्टूबर, 2022 : यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आज महात्मा गांधी की 153वीं जयंती पर अपनी विशेष घोषणा वंचितों को सशक्त बनाने की पहल की घोषणा की। दिनांक 15 सितंबर से 1 अक्टूबर तक चलाई गई बैंक की इस विशेष पहल का उद्देश्य वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना, सामाजिक सुरक्षा प्रदान करना, सस्ती बैंकिंग सेवाएं, सुगम ऋण तथा स्वस्थ समाज का निर्माण करना है।

इस अनूठी सामाजिक जिम्मेदारी पहल ने जरूरतमंदों की मदद करने के उद्देश्य का समाधान किया है जो स्वच्छ परिवेश, अच्छा स्वास्थ्य और समावेशी सेवाओं के सिद्धातों पर आधारित है।

वित्तीय समावेशन के तहत बैंक विभिन्न सुविधाएँ ग्राहकों को प्रदान की:

- प्रधान मंत्री जनधन योजना।
- ग्रामीण समुदाय के बीच स्वयं-सहायता समूहों (एसएचजी) को वित्तीय सहायता।
- ऋण की अदला-बदली के तहत किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से सहायता।
- स्ट्रीट वेंडरों को क्यूआर कोड वितरण।
- मुद्रा ऋण।

PRESS RELEASE

इस विशेष अभियान के तहत यूनियन बैंक ऑफ इंडिया द्वारा 10 लाख से अधिक ग्राहकों की पीएमजेडीवाई, स्वयं सहायता समूह, मुद्रा ऋण माध्यम से की सहायता प्रदान की गई।
इसी अवसर, बैंक ने ये घोषणाएं भी की है:

- पूरे भारत में स्कूलों के लिए 250 शौचालय ब्लॉकों का निर्माण (विशेषकर बालिकाओं के लिए) और ग्रामीण/अर्ध-शहरी क्षेत्रों में 100 घरेलू शौचालय ब्लॉक का निर्माण।
- सभी क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से अनाथालयों तथा वृद्धाश्रमों को दैनिक इस्तेमाल की ज़रूरी सामान प्रदान किए गये।

इस अवसर पर बोलते हुए, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमडी एवं सीईओ ए. मणिमेखलै ने कहा कि "*हम समाज के सभी वर्गों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं हमारा प्रयास सामाजिक श्रृंखला में सबसे नीचे तक पहुँचकर वित्तीय समावेशन और सामाजिक उत्थान का प्रमुख प्रवर्तक बनना है।*"

PRESS

<u>**चित्र का शीर्षक**</u>

यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने आज मुंबई में महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर वंचितों के लिए विशेष पहल की घोषणा करते हुए महात्मा गांधी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की।